# उर्वरक न मिलने से परेशान किसान फिर सड़क

## घंटों बाधित रहा सतना-पन्ना मार्ग, मांग और पूर्ति में नहीं बन पा रहा तालमेल

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 19 अगस्त. खरीफ की फसल को सुरक्षित रखने और अच्छी पैदावार लेने के लिए उर्वरक की चाह ने किसानों को महीने भर से हलाकन कर रखा है. वहीं मांग और उपलब्धतता के बीच भारी अंतर होने के साथ-साथ कुछ व्यवस्थागत खामियां भी किसानों को बेचैन किए जा रही हैं. नतीजतन सतना और मैहर जिले में किसानों द्वारा सड़क पर उतरने की घटना हर रोज का शगल बनती जा रही है.**

जिले के सभी उर्वरक वितरण केंद्र में हर रोज की तरह मंगलवार को भी सुबह से ही किसानों की लाइन लग चुकी थी. लाइन में खड़े होने वालों में न सिर्फ पुरुष बल्कि बुजर्ग और महिलाएं भी लगी हुई थीं. इतना ही नहीं बल्कि कुछ महिलाएं अपने गोद में दुधमुहे बच्चों को लेकर भी आई हुई थीं. सुबह कांउटर खुलने के बाद वितरण व्यवस्था सामान्य बनी रही. लेकिन दोपहर बाद अचानक उसमें कुछ ऐसा व्यवधान आया कि एकत्रित किसानों में आक्रोश पनपने लगा.





कुछ समय बाद ही किसान विरोध प्रदर्शन करते हुए सतना पन्ना मुख्य मार्ग पर आ गए. जहां पर उन्होंने विरोध प्रदर्शन करते हुए मार्ग को बाधित कर दिया. जिसका नतीजा यह हुआ कि मार्ग के दोनों ओर सैकड़ों वाहनों की लंगी कतारें लग गईं. घटना की जानकारी मिलने पर सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परिहार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए. थाना प्रभारी द्वारा चर्चा किए जाने के बावजूद भी गतिरोण कम नहीं हुआ. आक्रोशित किसान उर्वरक वितरण व्यवस्था को चौक चौबंद और सुव्यवस्थित करने की मांग पर उड़े हुए थे. उनका कहना था कि हर रोज सुबह से लेकर शाम तक लाइन में लगे रहने के बावजूद भी उन्हें उर्वरक नहीं मिल पा रहा है.

### मौके पर पहुंचे अधिकारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम रघुराजनगर राहुल सिलाड़िया मौके पर पहुंच गए और किसानों से चर्चा की. किसानों की समस्या को गंभीरता से सुनने के बाद एसडीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि उर्वरक वितरण के मामले में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. पूरा प्रयास किया जाएगा कि किसानों को उर्वरक के लिए परेशान न होना पड़े. एसडीएम के आश्वासन के बाद किसान मार्ग से हटने को राजी हो गए. लेकिन तब तक शहर के मुख्य मार्ग पर 4 किमी से अधिक का जाम लग चुका था. जिसे सुचारू होने में घंटो लग गए.

# नायब व तहसीलदार 13 दिनों बाद काम पर लौटे

## चार घंटे तक वितरण केन्द्र में मौजूद रहकर करते रहे निगरानी

**नवभारत न्यूज**

**सरई 19 अगस्त। जिले के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार पिछले 13 दिनों से राष्ट्रीय आपदा कार्य को छोड़कर अन्य राजस्व संबंधी कार्यो से विरत होते हुये हड़ताल पर चले गये थे। राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव के आश्वासन के बाद आज दिन मंगलवार से तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार काम पर लौट आये हैं। तहसीलदार सरई, बरका समिति पहुंच खाद वितरण व्यवस्था को देखा और मोर्चा संभालते हुये करीब 4 घंटे तक मौजूद रहकर खाद वितरण कराएं।**



खाद का वितरण किसानों को उनकी प्रति हेक्टेयर भूमि की साख परमिट के आधार पर किया जाता है, जिसे सहकारी बैंक किसानों को जारी करते हैं। जांच के दौरान यह पाया गया कि शासकीय खाद का वितरण नियमानुसार एवं परमिट के आधार पर ही किया गया है। वहीं नगदी राशि से खाद प्राप्त करने के लिए निजी विक्रेताओं को अतिरिक्त आवंटन देकर अधिकृत किया गया है। प्राप्त शिकायतों में उल्लेख था कि किसानों से अधिक मूल्य लेकर खाद दी जा रही है, किंतु तहसीलदार द्वारा मौके पर की गई जांच में ऐसी कोई स्थिति नहीं पाई गई। तहसीलदार सरई की त्वरित कार्यवाही से किसानों में संतोष का माहौल है। ग्रामीणों एवं कृषक समुदाय द्वारा तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा के सक्रिय, पारदर्शी एवं संवेदनशील कार्य की सराहना की गई तथा विश्वास व्यक्त किया गया कि भविष्य में भी इस प्रकार की समस्याओं का समाधान तत्परता से होता रहेगा।

# सहायक ग्रेड तीन अभिराम मिश्रा की सेवा समाप्त

## कलेक्टर ने सीपीसीटी का कूटरचित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 19 अगस्त, कलेक्ट्रेट कार्यालय में सहायक ग्रेड तीन के पद पर पदस्थ अभिराम मिश्रा की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है.**

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार अभिराम मिश्रा द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के चार वर्ष आठ माह 20 दिन की सेवा अवधि पूर्ण होने के बाद भी कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (सीपीसीटी) पास करने में असफल रहे. उनके द्वारा सीपीसीटी उत्तीर्ण करने का कूटरचित प्रमाण पत्र एवं स्कोर कार्ड प्रस्तुत किया गया, जो कदाचार की श्रेणी में आता है. जिस पर कलेक्टर ने सामान्य प्रशासन विभाग के क्र./सी 3-12/2013/1/3 भोपाल दिनांक 29 सितम्बर 2014 परिपत्र की कंडिका 6.5 एवं कार्यालयीन आदेश में उल्लेखित शर्त तीन के तहत अभिराम मिश्रा की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं.

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार शासकीय कन्या हाईस्कूल घोघर रीवा के प्राचार्य डॉ अम्बिकेश मिश्रा की मृत्यु तीन जून 2018 को हो जाने के कारण उनके पुत्र अभिराम मिश्रा को 25 नवम्बर 2020 को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान कर कलेक्ट्रेट कार्यालय में सहायक ग्रेड तीन के पद पर पदस्थ किया गया था।.उनके नियुक्ति पत्र में इस शर्त का उल्लेख था कि नियुक्ति के तीन वर्ष के भीतर शासन द्वारा किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर डिप्लोमा एवं कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा उत्तीर्ण किया जाना अनिवार्य है. अभिराम द्वारा सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण होने संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते हुए परिवीक्षा अवधि समाप्ति के लिए आवेदन दिया गया. परिवीक्षा अवधि समाप्ति के लिए गठित समिति द्वारा इस पर कार्यवाही की गई. जिसमें अभिराम का सीपीसीटी प्रमाण पत्र सीपीसीटी की वेबसाइट से सत्यापित नहीं पाया गया. अभिराम से पुनः स्वप्रमाणित सीपीसीटी उत्तीर्ण होने के संबंध में प्रमाण पत्र की मांग की गई. उनके द्वारा पुनः स्वप्रमाणित सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करने संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया. समिति द्वारा प्रमाण पत्र का पुनः वेबसाइट से सत्यापन नहीं पाया गया और संदेह होने पर इसे एमपीएसईडीसी स्टेट आई सेंटर भोपाल भेजा गया. एमपीएसईडीसी द्वारा प्रेषित पत्र में श्री मिश्रा द्वारा प्रस्तुत सीपीसीटी प्रमाण पत्र में त्रुटि पाई गई. श्री मिश्रा को चार वर्ष से भी अधिक की सेवा पूर्ण होने के बाद भी सीपीसीटी स्कोर कार्ड पर अनुत्तीर्ण अंक को कूटरचित तरीके से उत्तीर्ण अंकित कर स्वप्रमाणित प्रस्तुत करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया. श्री मिश्रा द्वारा प्रस्तुत उत्तर को संतोषजनक नहीं पाया गया जिसके कारण उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं.

# टीएचडीसी के विस्थापित स्कूल बच्चे नहीं जा पा रहे विद्यालय

## विस्थापित बच्चों के साथ हो रहा सौतेला व्यवहार, प्राइवेट बच्चों को किया जा रहा लाभान्वित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 19 अगस्त। टीएचडीसी कंपनी से विस्थापित हुए परिवार के बच्चों को भले ही स्कूल बस विद्यालय ले जाने के लिए लगाई गई हो, लेकिन उन्हें प्रतिदिन बस नहीं ले जा रही है।**

प्राइवेट बच्चों को पैसे के लालच में लाभान्वित करने का आरोप लगाया जा रहा है। ऐसे में विस्थापित परिवारों में काफी आक्रोश दिखाई दे रहा है। यही वजह है कि आज दिन मंगलवार को कलेक्टर के जनसुनवाई में शिकायत की गई। ग्राम पिडरवाह निवासी रजिन्दर साहू ने कलेक्टर को दिए शिकायती पत्र में बताया कि टीएचडीसी कंपनी से विस्थापित बच्चे प्राइवेट स्कूल उज्जैनी जाने वाले बच्चे पिडरवाह से लगभग 20 बच्चे हैं एक दिन बस लेने आती है। दूसरे दिन 2 किलोमीटर से वापस चली जाती है। इसी तरह से पूरा महीना बीत गया है। पचौर स्कूल जाने वाली बस भी 2 किलोमीटर से वापस चली जाती है। बच्चे रोज परेशान है। उज्जैनी स्कूल जाने वाली बस विस्थापित बच्चों को छोड़कर प्राइवेट बच्चों को लामीदह लेने 20 किलोमीटर दूर आना जाना करती है। वही बताया गया कि उज्जैनी स्कूल मास्टर बोलते हैं कि मेरी मर्जी मैं जहां चाहूं वहां से बस ले जाऊं, तुम लोग कुछ नहीं कर पाओगे। इस क्रियाकलाप से परेशान होकर विस्थापित परिवारों ने कलेक्टर से शिकायत कर कहां है कि गांव तक स्कूल बस भेजी जाए, ताकि स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानी न उठानी पड़े।



### मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज से

**रीवा, 19 अगस्त,** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के तहत विकासखण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 20 अगस्त से 22 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 20 अगस्त को सुबह 10 बजे विन्ध्या रिट्रीट में प्रशिक्षण का शुभारंभ करेंगी. प्रशिक्षण में रीवा और मऊगंज जिले के प्रत्येक विकासखण्ड से पाँच-पाँच मास्टर ट्रेनर्स को शामिल किया गया है. सभी मास्टर ट्रेनर निर्धारित समय पर प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें.

# म्यार नदी के किनारे युवक का मिला संदिग्ध हालत में शव

- बहन के यहां गया था रक्षाबंधन पर,
- शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 19 अगस्त। शासन पुलिस चौकी क्षेत्र के हनुमान मंदिर के समीप म्यार नदी किनारे पिछले दिनों 13 अगस्त से लापता नवजीवन बिहार युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना स्थल पर युवक की मोटरसाइकिल बरामद हुई है।**

शासन पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार विंध्यनगर थाना क्षेत्र के नवजीवन बिहार निवासी बृजेन्द्र कुमार सिंह पिता विशेश्वर सिंह उम्र 27 वर्ष रक्षाबंधन पर्व पर अपने बहन छत्तीसगढ़ प्रांत के बलंगी गांव गया था। जहां 13 अगस्त को अपने बहन के घर से मोटरसाइकिल लेकर घर के लिए रवाना हुआ, लेकिन वह पॉच दिनों तक वापस घर नही पहुंचा। परिजन पुलिस को सूचना देकर तलाश करने लगे। जहां आज बृजेन्द्र का शव म्यार नदी पुल के किनारे हनुमान मंदिर के समीप शव एवं बाईक मिली है। पुलिस मौके से पहुंच मोटरसाइकिल एवं शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।



# एसपी की जनसुनवाई में भूमि और पारिवारिक विवाद रहे प्रमुख

## मूक-बधिर को मिली प्राथमिकता

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 19 अगस्त. जिले में नागरिकों की शिकायतों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने और पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत करने के उद्देश्य से आज पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया।**

यह जनसुनवाई पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुई। जनसुनवाई में जिलेभर से आए फरियादियों ने घरेलू विवाद, भूमि विवाद, साइबर अपराध, मारपीट जैसी शिकायतें प्रस्तुत कीं। विशेष रूप से मूक-बधिर नागरिक भी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और संबंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को त्वरित एवं ठोस कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए। कई प्रकरणों में मौके पर ही अधिकारियों को कार्रवाई प्रारंभ करने का आदेश दिया गया, जिससे पीड़ितों को त्वरित राहत मिल सके।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, डीएसपी मुख्यालय अमन मिश्रा, एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी, परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक सुजीत क?वे, नवनियुक्त डीएसपी शुभम जैन, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल,थाना प्रभारी चुरहट उनि दीपक बघेल, थाना जमोड़ी प्रभारी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, महिला थाना से उनि सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। शेष अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी जुड़े।

# साइकिल चलाकर कलेक्टर पहुंचे कार्यालय

**नवभारत न्यूज**

**सतना 19 अगस्त. कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की पहल पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने संभाग के सभी जिलों में प्रत्येक मंगलवार को साइकिल डे मनाया जाता है।**

इस दिन सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी पेट्रोल और डीजल चलित वाहन का उपयोग नहीं करते हुए साइकिल द्वारा घर से कार्यालय आना-जाना करते हैं। तीसरे मंगलवार को कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस आम नागरिक की तरह अपने निवास से अकेले बिना सुरक्षा गार्ड के साइकिल चलाकर धवारी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। जिले के नवागत अपर कलेक्टर विकास सिंह भी पैदल चलकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे।



### मैहर कलेक्टर ई-रिक्शा पर बैठकर कार्यालय पहुंची



तीसरे मंगलवार को कलेक्टर मैहर रानी बाटड और अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ई-रिक्शा में यात्रा कर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर अन्य जिला अधिकारी भी सरकारी डीजल-पेट्रोल चलित वाहन को छोडकर साइकिल, ई-रिक्शा या पैदल चलकर अपने-अपने कार्यालय पहुंचे।

### रीवा संभाग में अब तक 895 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा, 19 अगस्त,** रीवा संभाग में एक जून से अब तक 895.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है. संभाग में इस अवधि में रीवा जिले में 664.3 मिलीमीटर, सतना में 773 मिलीमीटर, मैहर में 787.8 मिलीमीटर, मऊगंज में 1248.9 मिलीमीटर, सीधी में 988.8 मिलीमीटर तथा सिंगरौली जिले में 908 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है. गत वर्ष इसी अवधि में संभाग में 652.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. संभाग में सिंचाई के प्रमुख स्रोत बाणसागर बांध में 19 अगस्त को सुबह 8 बजे तक जल स्तर 340.96 मीटर तक पहुंच गया है.

# दलित बस्ती की महिलाओं ने आयुक्त से की मुलाकात



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 19 अगस्त। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 36 तेलगवां हरिजन बस्ती आज भी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा हैं।**

यहां अब भी लोग बिजली, सड़क नहीं होने से वार्ड के लोग परेशानियों से जूझ रहे हैं। अब वार्ड की आधा दर्जन महिलाएं नवागत आयुक्त सविता प्रधान से मुलाकात कर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

बता दे कि एनटीपीसी विंध्यनगर से करीब 1 किलोमीटर दूर वार्ड क्रमांक 36, तेलगवां के हरिजन बस्ती में नगर निगम ने मूलभूत सुविधाएं मुहैया नहीं करवा पाई है। यह हरिजन बस्ती कोई नई बस्ती नहीं है, बल्कि करीब 15 साल पहले से लोग यहां रह रहे हैं। सुविधाओं की कमी के चलते लोगों को प्रतिदिन की सहूलियत के लिए प्रशासन एवं संबंधित विभाग का दरवाजा खटखटाया । इसके बावजूद परेशानी का अंत तो दूर कोई बदलाव भी नहीं हो पाया है। ऐसे में लोगों में असंतोष होना स्वभाविक है। सड़क और बिजली नहीं होने से अब महिलाएं कलेक्टर की जनसुनवाई सहित ननि आयुक्त से बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।










# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक सभी व्यवस्था होगी : विश्वामित्र

## शासकीय हाईस्कूल सहुआर में छात्रों को वितरित किया नि :शुल्क साइकिले

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 19 अगस्त। सरकार ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया है। छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सभी संसाधनों की व्यवस्था की जाएगी। उक्त आशय के विचार सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने हाईस्कूल सहुआर में छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए।**

शासकीय हाईस्कूल सहुआर में विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। विद्यालय के प्राचार्य राकेश धर द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को वितरित की जा रही साइकिल के संबंध में अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार की शिक्षा के क्षेत्र में संचालित योजनाओं मध्यान्ह भोजन, गणवेश, पाठयपुस्तक का वितरण, साइकिल वितरण, छात्रवृति, मेधावी विद्यार्थियों के लिए लैपटॉप एवं स्कूटी प्रदाय अन्य योजनाएं संचालित हैं, ताकि छात्र-छात्राओं को सुगमता से गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध हो सके। दूर से आने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल उपलब्ध हो जाने से विद्यालय आने-जाने में मदद मिलेगी। पूर्व में विद्यालय दूर होने के कारण अधिकांश छात्राएं पढ़ाई बीच में ही छोड़ देती थीं, लेकिन अब साइकिल मिल जाने से एवं आवागवन की सुविधा हो जाने से अध्ययन अध्यापन में सुविधा मिलेगी। साथ ही कहा कि सहुआर गांव हमेशा से शिक्षा सहित सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहा है, हमे उम्मीद है कि इस विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं जिले ही नहीं प्रदेश में भी अपना एवं विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के लिए मार्ग निर्माण की पूर्व में ही स्वीकृत कराने की जानकारी देते हुए बाउंड्रीवाल का निर्माण कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने वरिष्ठ जनों, शिक्षाविदों को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण भी किया। विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरुण द्विवेदी सरपंच, सुखदेव सिंह बीईओ, शिवार्चन शुक्ला प्राचार्य, राकेश धर द्विवेदी प्राचार्य, अरुण द्विवेदी एसडीओ, शशिकांत तिवारी पीओ, राजेंद्र द्विवेदी बीपीओ, रमांपति शुक्ला, सुरेशकांत द्विवेदी, सुधांशु द्विवेदी, सेतबंद द्विवेदी एवं छात्र-छात्राएं सहित अन्य मौजूद रहे।






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99